हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025

04 शाम 5 बजे तक 36.99 प्रतिशत वोट पड़े,...



09 रसूखदारों के कहने पर प्रशासन किसानों को...





## खबर संक्षेप

### मिशन आदिकर्म योगी के तहत बसोना ग्राम का भ्रमण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित मिशन आदिकर्म योगी के अंतर्गत सागर जिले के आदिवासी बहुल ग्राम बसोना का भ्रमण किया गया। इस दौरान विलेज एक्शन प्लान के तहत जनजाति समुदाय को प्रदत्त सुविधाओं जैसे पेयजल, बिजली कनेक्शन, आवास, शौचालय, खेल मैदान, घाट, स्कूल, आंगनवाड़ी, राशन वितरण आदि का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित जानकारियों का डेटा एकत्रीकरण भी किया गया। मौके परउनकी समस्याओं को सुना और त्वरित निराकरण की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए।

### पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने खुरई के बाजार से स्वदेशी सामान खरीदा

**सागर।** पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने नपा की बैठक में सभी से तथा क्षेत्र की जनता से दीपावली पर स्थानीय व स्वदेशी उत्पाद ही खरीदने की अपील की। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत व स्वदेशी भारत आज की आवश्यकता है। उन्होंने बैठक के पश्चात स्थानीय छोटे दूकान वालों से मां लक्ष्मी जी फोटो, दिए, गौमाता के श्रंगार की सामग्री, पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राही के स्टाल से एलईडी झालर आदि सामान खरीदें।

### विधिक सहायता क्लीनिक का अवलोकन

**सागर।** राष्ट्रीय सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में कार्यरत सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों को निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करने हेतु वीर परिवार सहायता योजना का आरंभ 26 जुलाई (कारगिल दिवस) को न्यायमूर्ति सूर्यकान्त, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश और राष्ट्रीय सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा किया गया था। उक्त योजना के अंतर्गत जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सागर में विधिक सहायता क्लीनिक की स्थापना 25 जुलाई को की गई थी। 15 अक्टूबर को सिविल न्यायाधीश अंकित श्रीवास्तव, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर ने उक्त क्लीनिक का अवलोकन किया एवं सैनिक सम्मेलन के माध्यम से पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रितों को वीर परिवार सहायता योजना के उद्देश्यों और उसके द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। इस दौरान मिथिलेश डेहरिया, जिला विधिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### नगर क्षेत्रों में सड़कों के बीच में ऊंचे डिवाइडरों के निर्माण पर रोक

**सागर।** कलेक्टर ने बड़ा फैसला लेते हुए समस्त आयुक्त, नगर निगम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छावनी परिषद्, सागर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, समस्त नगर पालिका, नगर परिषद्, जिला सागर को निर्देशित किया है कि नगर क्षेत्रों में सड़कों के बीच में ऊँचे डिवाइडर के निर्माण पर रोक लगाए।कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के विभिन्न नगरीय क्षेत्रों में सड़कों के मध्य ऊँचे-ऊँचे डिवाइडर निर्मित किए जाने से आए दिन दुर्घटना घटित हो रही हैं। उक्त स्थिति को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए सभी निकायों को निर्देशित किया जाता है कि पत्र दिनांक से जिले की किसी भी नगरीय निकाय क्षेत्र में सड़क के मध्य ऊँचे डिवाइडर का निर्माण नहीं किया जाएगा। यदि किसी मार्ग पर यातायात नियंत्रण या सौंदर्गीकरण हेतु डिवाइडर का निर्माण आवश्यक हो, तो उसकी ऊँचाई एवं चौड़ाई भारत सरकार । लोक निर्माण विभाग के मानकों के अनुरूप ही निर्धारित की जाएगी। निर्देशित किया जाता है कि किसी भी नगर क्षेत्र में सड़क के मध्य ऊँचे डिवाइडर का निर्माण न किया जाए। पूर्व निर्मित डिवाइडरों की समीक्षा कर यदि वे मानक से अधिक ऊँचाई वाले हैं, तो वश्यकतानुसार संशोधन हटाने की कार्यवाही की जाए।

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत सागर विधानसभा में प्रबुद्धजन सम्मेलन संपन्न

# भारत जल्द बनेगा विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्तिः उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत सागर विधानसभा में गुरुवार को प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया गया। भाजपा कार्यालय, अम्बेडकर वार्ड, धर्मश्री में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, प्रबुद्धजन, व्यापारी वर्ग एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि "आज पूरा भारत निरंतर प्रगति की राह पर अग्रसर है। पूरा विश्व जानता है कि भारत बहुत जल्द तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनने जा रहा है। हम जापान को पीछे छोड़ चौथे नंबर पर आ चुके हैं और शीघ्र ही जर्मनी को भी पीछे छोड़ देंगे। इसके बाद हम सिर्फ अमेरिका और चीन से पीछे रहेंगे" उन्होंने आगे कहा कि भारत अब न केवल आर्थिक रूप से बल्कि रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बन रहा है।



"ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने न केवल युद्ध में पाकिस्तान को पराजित किया, बल्कि अपने स्वदेशी हथियारों की क्षमता का प्रदर्शन कर पूरी दुनिया को दिखा दिया कि भारत आज रक्षा निर्माण में भी अग्रणी राष्ट्र है। आज भारतीय हथियारों की विश्वभर में मांग बढ़ रही है।"

राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहा "वोकल फॉर लोकल" अभियान आत्मनिर्भर भारत की नींव है, जब हर भारतीय स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएगा, तभी सच्चे अर्थों में भारत आत्मनिर्भर बनेगा। स्वावलंबन की यह भावना ही आने वाले भारत की पहचान होगी।

अध्यक्षता कर रहे विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि भारत आज आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है, "वर्ष 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद संभाला था, तब भारत रक्षा और आर्थिक दोनों क्षेत्रों में विश्व में 11वें स्थान पर था। आज हम चौथे स्थान पर हैं यह परिवर्तन स्वदेशी भावना और आत्मनिर्भर भारत की नीति के कारण संभव हुआ है।" उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता देश है"यदि हम अपने ही बनाए उत्पादों का उपभोग करने लगें, तो हमें किसी अन्य देश पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं होगी। अमेरिका या कोई भी देश टैरिफ लगा ले, भारत अपनी क्षमता से आगे बढ़ेगा। यही आत्मनिर्भर भारत का वास्तविक स्वरूप है।"

विधायक जैन ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यों मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन अभियानों ने भारत की अर्थव्यवस्था में नया आत्मविश्वास जगाया है।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान देश के विकास की आत्मा है। उन्होंने कहा कि प्रबुद्ध वर्ग समाज के नीति निर्धारण में अहम भूमिका निभाता है, और ऐसे वर्ग की सहभागिता से ही यह अभियान जन-जन तक पहुंचेगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेश केशरवानी, मंडल अध्यक्ष मेघा दुबे, अमित बैसाखिया, नीलम अहिरवार, नीरज यादव, नगर निगम की सभापति संगीता तिवारी, निकेश गुप्ता, श्रीकांत जैन, मनीष चौबे, नितिन सोनी, प्रदीप पाठक सहित बड़ी संख्या में व्यापारी वर्ग, समाजसेवी एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नीरज यादव ने किया एवं आभार मेघा दुबे ने किया।



### बाजार की यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो इसलिए लगातार निगरानी कराएं : निगमायुक्त खत्री

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देश अनुसार शहर की यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु नगर निगम द्वारा तीनबत्ती से कटरा बाजार, गुजराती बाजार से राधा तिराहा तक एवं कीर्ति स्तंभ नमक मंडी से विजय टाकीज चौराहा तक दुकान लगाने वालों को बार-बार समझाइश देने के बाद भी मुख्य सड़क पर दुकान लगाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नगर निगम आयुक्त ने समक्ष में टेबल, कुर्सी, एंगिल,कटरा, हाथठेला सहित अन्य सामान को जब्त कराने की कार्रवाई कराई। कार्रवाई के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि सभी दुकानदार यातायात व्यवस्था को बनाए रखने में सहायोग करें ,दीपावली पर्व पर पूजन सहित अन्य सामग्री की दुकानों को किसी भी स्थिति में सड़क पर न लगाएं तथा लोगो को आवागमन में परेशानी हो। अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नगर निगम की टीम द्वारा सख्त कार्रवाई की जावेगी।उन्होंने कहा कि जो भी दुकानें लगाई जा रही है वे सभी दुकानदार पीली व सफेद लाईन के पीछे लगाएं।निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने कटरा बाजार में सड़क पर रखी सामग्री को जप्त करने एवं रात्रि में भी निगरानी करने के निर्देश दिए। कार्रवाई के दौरान कृष्ण कुमार चौरसिया, संजय सोनी,राजू रैकवार सहित अतिक्रमण दल के कर्मचारी उपस्थित थे।




### बच्चों की मौत पर आक्रोश, बीएमसी में अव्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस का 'महा-संग्राम' धरना

**सागर।** प्रदेश सरकार की घोर लापरवाही के कारण जहरीली कफ सिरप से हुई मासूम बच्चों की मौतों और बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज, सागर में व्याप्त 'चरमराती' स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी शहर सागर ने आज एक दिवसीय आक्रामक और प्रभावशाली धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। जिला शहर अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के ठीक सामने हुए इस 'महा-संग्राम' में कांग्रेस ने सरकार और कॉलेज प्रशासन को खुली चुनौती दी। प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश सरकार पर बच्चों की मौत के मामले में हत्यारी चुप्पी साधने और जिम्मेदार लोगों को बचाने का गंभीर आरोप लगाया। जिलाध्यक्ष महेश जाटव ने अपने संबोधन में कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, वहां जहरीली कफ सिरप ने दर्जनों मासूमों की जान ले ली और सरकार केवल मूकदर्शक बनी रही। यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि सीधी-सीधी जन-हत्या है! उन्होंने आरोप लगाया कि बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज बुंदेलखंड की जनता के इलाज का केंद्र है, लेकिन यह अनियमितताओं का अड्डा बन चुका है। मरीज यहां इलाज के लिए नहीं, बल्कि परेशान होने के लिए आ रहे हैं। हम स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि यदि कॉलेज प्रशासन और प्रदेश सरकार ने तत्काल यहां की अनियमितताओं को दूर नहीं किया, तो कांग्रेस इससे भी बड़ा जन-आंदोलन खड़ा करेगी। बीएमसी की अनियमितताओं परआयोजित धरना प्रदर्शन में वरिष्ठ नेता अमित रामजी दुबे ने आरोप लगाया कि गंभीर मरीजों का सही इलाज नहीं हो रहा है, जिससे उन्हें बाहर निजी अस्पतालों की शरण लेनी पड़ रही है। कॉलेज में निःशुल्क उपलब्ध होनी वाली दवाएं भी मरीजों को बाहर से खरीदनी पड़ रही हैं। पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि सोनोग्राफी, सीटी स्कैन और डायलिसिस जैसी महत्वपूर्ण मशीनें अक्सर बंद रहती हैं, जिससे गरीबों को हजारों रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं।



### सागर जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. राजेंद्र शुक्ल का महापौर ने स्वागत किया

**सागर।** प्रवास पर आए मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. राजेंद्र शुक्ल का महापौर संगीता सुशील तिवारी ने धर्मश्री स्थित भाजपा कार्यालय में स्वागत किया। इस अवसर पर रिशांक तिवारी, सूर्यांश तिवारी सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



### उपमुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री शुक्ल ने स्वर्गीय अशोक दुबे के ग्राम पहुंच कर दी श्रद्धांजलि

**सागर।** उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सागर जिले के प्रवास के दौरान केसली विकासखंड के नाहरमऊ ग्राम पहुंचकर विगत दिवस हुई अशोक दुबे एवं उनकी पत्नी की दुर्घटना में मृत्यु के बाद उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर देवरी विधायक ब्रज बिहारी पटैरिया, श्याम तिवारी, रानी कुशवाहा, एसडीएम गगन बिसेन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं परिजन और ग्रामवासी मौजूद थे।

## दिवंगत कर्मी के परिजनों को आठ लाख की सहायता, आरोपी का अवैध मकान ढहाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई नगरपालिका खुरई की विशेष बैठक में पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने दिवंगत कर्मी के शोक-संतप्त परिजनों को त्वरित सहायता के रूप में आठ लाख रुपए राशि एकत्रित कर सौंपी और अतिरिक्त सहायता राशि मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव से चर्चा कर स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया। आरोपी का अवैध मकान प्रशासन द्वारा ढहा दिया गया। दिवंगत स्वच्छता कर्मी के एक परिजन को नगरपालिका खुरई में नौकरी देकर नियमितीकरण का प्रस्ताव शासन को भेजे जाने का निर्णय लिया गया।

नगर पालिका परिषद कि विशेष बैठक में गत दिवस की दुखद घटना में दिवंगत स्वच्छता कर्मी दीपक वाल्मीकि को दो मिनट का मौन रख कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में खुरई एसडीएम मनोज चौरसिया ने बताया कि स्वचछता कर्मी की नृशंस हत्या के आरोपी के दो मकानों में से एक अवैध मकान को ध्वस्त किया जाएगा तथा दूसरे मकान के अतिक्रमित हिस्से को गिराए जाने की कार्रवाई शीघ्र की जाएगी। दिन में ही इस कार्यवाही पर अमल करते हुए आरोपी का अवैध मकान प्रशासन द्वारा ढहा दिया गया



।पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने एसडीएम व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि आरोपी आदतन अपराधी है और कई वारदातें कर चुका है। ऐसे आरोपी को बचने के लिए किसी झूठे स्वास्थ्यगत कारणों की आड़ नहीं लेने दी जाए। इसके लिए उसका पुनः चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाए।

बैठक में उपस्थित मृतक स्वच्छता कर्मी की दुखी विधवा की मांग पर पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने अधिकारियों से कहा कि नृशंस हत्या के आरोपी पर सख्त कार्रवाई हो और उसे गलत आधारों पर जमानत न मिल सके ताकि वह फिर से समाज में खुला घूम कर और कोई वारदात नहीं कर सके। साथ ही मादक पदार्थों के व्यापार व नशेड़ियों पर अभियान चला कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सभी स्वच्छता कर्मियों ने अपने दायित्व अनुसार धनतेरस व दीपावली के पूर्व नगर की स्वच्छता व सौंदर्य का कार्य आरंभ कर दिया। बैठक में पूर्व गृहमंत्री सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों, पार्षदों व अधिकारी कर्मचारियों को संदेश दिया कि वे धनतेरस व दीपावली के नगर सभी शासकीय संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों, पार्कों, वार्डों की पुताई सफाई व सौंदर्यीकरण का कार्य करें। बैठक के अंत में सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

बैठक में नपा अध्यक्ष नन्हीं बाई अहिरवार, एसडीएम मनोज चौरसिया, एसडीओपी सचिन परते, सीएमओ राजेश मेहतेल, तहसीलदार, दोनों थानों के टीआई, सभी पार्षद, एल्डरमैन, स्वच्छता कर्मी, दिवंगत कर्मी के परिजन शामिल रहे।



### निगमायुक्त की उपस्थिति में बाघराज वार्ड स्थित छत्रसाल नगर कॉलोनी के आवासों की चौथे दिन हुई जांच

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने लगातार चौथे दिन बाघराज वार्ड स्थित छत्रसाल नगर कॉलोनी में गरीब परिवारों को पक्का आवास देने के लिए बनाए गये आवासों में अवैध रूप से कब्जा करने, 20 हजार रुपए जमा कर आवासों पर कब्जा करने एवं आवंटित आवास को किराए पर देने व आवासों को अनाधिकृत रूप से विकय करने की निगम के अधिकारियों के साथ रहवासियों से चर्चा कर आवासों के आधिपत्य संबंधी दस्तावेजों की जांच की । अभी तक 312 आवासों की जांच की गई जिसमें 96 अपात्र ,174 पात्र व्यक्ति एवं 42 निगम आधिपत्य वाले आवास मिले। जांच के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि शासन द्वारा गरीब परिवारों को स्वयं का पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए बाघराज वार्ड में छत्रसाल नगर कालोनी में आवास आवंटन किए थे ,जिसमें अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा ताला तोड़कर एवं केवल 20 हजार रुपए जमाकर कब्जा करने वाले आवासों को निगम का ताला लगाकर आधिपत्य में लिया जा रहा है तथा ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध जांच उपरांत विधि अनुसार पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिन व्यक्तियों ने आवास लेकर किराए पर दे दिये हैं तथा गलत तरीके से आवासों को बेच दिया है, ऐसे आवासों के आवंटन को निरस्त करते हुए उनके द्वारा जमा की गई राशि राजसात कर किराए की राशि की वसूली भी की जाएगी । निगमायुक्त ने कहा कि शीघ्र ही नगर निगम द्वारा शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें संबंधित पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को राशि जमा करने पर आवास उपलब्ध कराया जाएगा।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एस एस बघेल, प्रभारी कार्यपालन यंत्री संजय तिवारी, उपयंत्री दिनकर शर्मा, महादेव सोनी,कृष्ण कुमार चौरसिया, राजू रैकवार सहित बड़ी संख्या में नगर निगम एवं पुलिस बल उपलब्ध था।

विश्व हैप्पीनेश इंडेक्स ने 147 देशों में भारत का नंबर 118 है : डॉ. संतोष गुप्ता

## हम सामाजिक, शारीरिक तथा मानसिक रूप से कितनी परिपक्वता के साथ सोच पाते हैं यह हमारा मानसिक स्वास्थ्य निर्णय लेता है : डॉ रेखा बख्शी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पं. दीनदयाल उपाध्याय, शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर में भारतीय ज्ञानपरम्परा के अंतर्गत प्राचीन भारतीय परम्परा में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण अवधारणाओं पर आधारित व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। व्याख्यामाला में डॉ रेखा बख्शी एवं डॉ संतोष गुप्ता पूर्व विभागाध्यक्ष शासकीय कन्या महाविद्यालय सागर, नितिन शर्मा, जनभागीदारी अध्यक्ष, डॉ सरोज गुप्ता, प्राचार्य उपस्थित थे। मुख्य वक्ता डॉ रेखा वख्शी ने मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान देते हुये कहा कि हम सामाजिक, शारीरिक तथा मानसिक रूप से कितनी परिपक्वता के साथ सोच पाते हैं यह हमारा मानसिक स्वास्थ्य निर्णय लेता है। युवा सोशल मीडिया का उपयोग सिमित व दुरूपयोग असिमित कर रहे हैं। आज का युवा लाइक, डिसलाइक व फलोवर्स के चक्करों में पढ़कर मानसिक तनाव का शिकार हो रहा है। धीरज व




शहनशीलता युवाओं को तनाव दूर करने में सार्थक पहल कर सकती है। डॉ सरोज गुप्ता प्राचार्य ने कहा कि भारतीय विद्वानों ने विज्ञान, दर्शन और अध्यात्म को एक इकाई के रूप में देखा है।

मानसिक स्वास्थ्य हेतु मनुष्य को सामाजिक प्राणी बनकर प्रकृति के साथ सामन्जस्य बिठाना होगा। नितिन शर्मा जनभागीदारी अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा केवल धार्मिक नही बल्कि वैज्ञानिक, दार्शनिक और मानव केन्द्रित परम्परा है। विशिष्ट वक्ता डॉ संतोष गुप्ता पूर्व विभागाध्यक्ष ने कहा कि विश्व हैप्पीनेश इंडेक्स ने 147 देशों में भारत का नम्बर 118 है जिससे ज्ञात होता है कि भारत में हैप्पीनेश का स्तर कम है। कई व्यक्ति ऐसे होते हैं जिन्हें ऐसे व्यक्ति दिखाई देते हैं जो वास्तव में नहीं होते या वह ऐसी आवाजे सुनते हैं कि उनके साथ बैठे अन्य व्यक्तियों को सुनाई नहीं देती। ऐसे व्यक्तियों को काउंसिलिंग की आवश्यकता होती है।

शोधार्थी मयुरेश नामदेव ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए व्यक्ति को नियमित ध्यान व प्राणायाम के साथ सकारात्मक सोच विकसित करनी होगी। प्रतिदिन कुछ समय मोबाइल व टी.व्ही से दूरी बनाकर अपनी भावनाऐं उन व्यक्तियों को व्यक्त करे जो उन्हें सकारात्मक सहयोग देते हैं। सत्संग में रहने के साथ दूसरों की सहायता करें। कार्यक्रम में डॉ जयकुमार सोनी, डा सुनील साहू डॉ देवेन्द्र ठाकुर, डॉ शालिनी परिहार, डॉ अनिल महरोलिया, डॉ मनीष चैधरी, डॉ रश्मि दुबे, डॉ शिखा चैबे उपस्थित रही। कार्यक्रम का संयोजन, संचालन एवं भारतीय ज्ञानपरम्परा नोडल अधिकारी डॉ अमरकुमार जैन द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### हेड कांस्टेबल को एसपी ने किया निलम्बित

**ललितपुर।** सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो का संज्ञान लेते हुये एसपी मो.मुश्ताक ने रिजर्व पुलिस लाइन्स में तैनात हेड कांस्टेबल दिनेश अवस्थी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। इसके अलावा एसपी के आदेश पर हे.कां. दिनेश अवस्थी के खिलाफ विभागीय जांच भी प्रचलित की गयी है। पूरे मामले की जांच के लिए अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह को जांच कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है।

### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 23 को

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आगामी 23 अक्टूबर को शाम 4.30 बजे से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों की शिकायतों का समाधान करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत दी जा रही सेवाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चिन्हित विषयों से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करें।

### विद्यार्थियों ने सीखे आपदा के दौरान बचाव के गुर

**विदिशा।** मंगलवार को इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, गंजबासौदा में आपदा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड के जवानों द्वारा आयोजित की गई, जिसमें लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई है। डूबते व्यक्ति को बचाने की तकनीक एवं स्वयं की सुरक्षा उपाय सर्पदंश की स्थिति में क्या करें और क्या न करें की जानकारी के साथ साथ विद्युत करंट लगने पर प्राथमिक उपचार की विधि तथा सीपीआर का लाइव प्रदर्शन किया गया था।

### कॉलेज में वेबिनार का आयोजन किया गया

**गुलाबगंज।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर मंगलवार को शासकीय महाविद्यालय गुलाबगंज में ऑनलाइन के माध्यम से एक दिवसीय वेबिनार हुआ। इसका विषय जलवायु परिवर्तन एवं जैव विविधता था। इस दौरानमहाविद्यालय की प्रभारी प्रचार डॉक्टर मणिमोहन मेहता तथा संयोजक डॉक्टर देवराज सिंह मौजूद रहे। इस दौरान विश्वविद्यालय ईट नगर अरुणाचल प्रदेश तथा डॉक्टर संदीप सराफा उप ग्रंथपाल बनारस हिंदू विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश भी मौजूद रहे। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ संजीव कुमार जैन, डॉक्टर रवि शर्मा, डॉक्टर विजय कुमार, डॉक्टर वारिस जैन आदि ने तकनीकी सत्र में अपनी शोध पत्रों का वाचन किया।

### विदिशा ने जीता संभागीय प्रतियोगिता का खिताब

**विदिशा।** स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित संभागीय स्तर अंडर-17 बालक क्रिकेट प्रतियोगिता 12 से 14 अक्टूबर तक एसएटीआई के खेल परिसर में संपन्न हुई। भोपाल, विदिशा, रायसेन, राजगढ़ और सीहोर की टीमों ने हिस्सा लिया। तीन दिनों तक चले रोमांचक मुकाबलों के बाद फाइनल मैच विदिशा और भोपाल के बीच खेला गया। भोपाल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया।

---

## नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के उप चुनाव के लिए 26 वार्डों में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न

# शाम 5 बजे तक 36.99 प्रतिशत वोट पड़े, संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर रहे सुरक्षा के प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर



सुरक्षा के अभूतपूर्व प्रबंधों के बीच बुधवार को नगर पालिका परिषद के उप चुनाव को लेकर शहर के सभी 26 वार्डों में मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया है। नगर पालिका परिषद उप चुनाव के लिए अपराह्न 5 बजे तक 36.99 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शाम छह बजे तक मतदान जारी था। व्यापक चुनावी प्रबंध एवं अभूतपूर्व सुरक्षा बंदोबस्तों के बीच निकाय चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया सुबह 7 बजे से प्रारम्भ हुई। नगर पालिका परिषद उप चुनाव में मतदान प्रक्रिया निर्वाध गति से सम्पन्न कराने के लिए पूरा प्रशासनिक अमला व्यवस्थाओं में जुटा रहा। सुबह मौसम थोड़ा बहुत सर्द और फिर गर्म रूप में रहा, जिसके चलते मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्साह देखा गया। जैसे-जैसे सूरज की तपिश तो बढ़ी, लेकिन मतदान प्रतिशत में खास उछाल नहीं आ सका। सुबह 7 से 9 बजे तक हुये मतदान का प्रतिशत प्रशासन द्वारा 4.6 प्रतिशत बताया गया, जो काफी कम रहा। इसके अलावा सुबह 11 बजे तक 11.29 प्रतिशत मतदान हो सका। इसके बाद अपराह्न 1 बजे तक 21.3, अपराह्न 3 बजे तक 29.14 प्रतिशत मतदान सम्पन्न हुआ था। इसके बाद शाम 5 बजे तक 36.99 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था। इसके बाद भी कई केन्द्रों पर मतदाता मौजूद थे, जिनके मत डलवाने की प्रक्रिया जारी रही। मतदान प्रतिशत में मतदाताओं का रूझान न होने से तमाम विसंगतियों की चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। मतदान की इस स्थिति को देखकर राजनैतिक विशलेषकों के आंकड़ों में भारी उलटफेर होने की उम्मीद जतायी जा रही है।

सुबह 7 बजे से ही मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई थी। नगरीय क्षेत्र के आमतौर पर सभी बूथों पर मतदाताओं की भीड़ उमडन्ना शुरू हो गई थी, लेकिन कुछ ही देर बाद बढ़ती-घटती रही। सुबह से ही मतदाता काफी कम संख्या में मतदान के लिए पहुंचते रहे। इसके अतिरिक्त पर्याप्त मतदान केन्द्रों पर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी है। नगर पालिका परिषद उप चुनाव को लेकर संवेदन व अति संवेदनशील मतदान केन्द्र चिन्हित कर लिये गये थे तथा सभी जगह मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था सख्ती देखी गयी। मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए प्रेक्षक/अपर आयुक्त झांसी उमाकांत त्रिपाठी, जिलाधिकारी अमनदीप डुली, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार सहित सभी परगनाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व पर्यवेक्षक पुलिस बल के साथ मतदान केन्द्रों का निरंतर भ्रमण करते रहे। वैसे भी सुरक्षा के ऐसे इंतजाम किये गये थे कि बिना इजाजत के परिन्दा भी मतदान केन्द्रों पर पर नहीं मार सका। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में बाहरी जनपदों की तैनाती की गयी थी। सभी मतदान केन्द्रों पर पुलिस सुरक्षा बल के जवान पूरी तरह से मुस्तैद रहे तथा मतदान केन्द्रों के आस-पास समर्थकों व मतदाताओं की भीड़ जमा नहीं होने दी गई। वैसे भी सुरक्षा के कड़े इंतजामों को देखकर खुरापाती तत्वों के हौंसले पस्त पड़े दिखायी दिए तथा नगर में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गयी। मतदान को लेकर नगर को पूरी तरह से छावनी में तब्दील कर दिया गया था। इसके अलावा मार्ग पर जगह-जगह वाहनों की जांच की जा रही थी।

### महिलाओं ने किया भजन कीर्तन

चौबयाना स्थित श्रीरघुनाथ जी मंदिर के चबूतरे पर कुछ महिलाओं की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुयी, जिसमें महिलाएं भजन-कीर्तन करतीं हुयी नजर आयी। इस भजन कीर्तन के पीछे खास वजह यहां सत्तादल के कद्दावर नेताओं के देर समय तक जमे रहना बताया जा रहा था।

### 2 घंटे से चौबयाना में डटे रहे राज्यमंत्री

सूबे में सत्तादल के राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ शहर क्षेत्र के मोहल्ला चौबयाना, जो कि विधायक सदर के आवास का क्षेत्र हैं, तो वहीं यहां से सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी का भी आवास है, लिहाजा यह क्षेत्र काफी संवेदनशील माना जा रहा था। इस लिहाज से भी यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि राज्यमंत्री ने दो घण्टे से अधिक का समय इसी वार्ड में व्यतीत किया।

### मतदाता पर्चियों को लेकर बनी ऊहा-पोह की स्थिति

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद को लेकर उप चुनाव की मतदान प्रक्रिया के दौरान कई मतदाताओं तक मत पर्ची नहीं पहुंची, जिस कारण मतदाताओं में रोष दिखायी दिया। तो वहीं मतदान केन्द्रों के बाहर तमाम राजनैतिक दलों के लगाये गये शिविरों से मतदाता अपनी-अपनी मतदाता पर्ची बनवाते देखे गये।

### चार प्रत्याशी रहे चुनावी मैदान में

इस उपचुनाव में अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें सत्तादल भाजपा से सोनाली जैन, सपा-कांग्रेस गठबंधन से प्रत्याशी नीलम चौबे और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नाजरीन बानो व मीना राजा शामिल हैं। सभी प्रत्याशियों की किस्मत मत पेटियों में बंद हो गया है। यह उपचुनाव वर्ष 2023 में विजयी रही भाजपा की सरला जैन के निधन के कारण कराया जा रहा है। उनका 24 जून 2025 को बीमारी से निधन हो गया था। पार्टी ने इस बार उनकी बहू सोनाली जैन पर दांव लगाया है।

---

थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम पिपरिया जागीर में वारदात

# जबरन खेत जोतने पर विवाद में की गई मारपीट, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर।

थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम पिपरिया जागीर में रहने वाले बुन्देल पुत्र सुजान सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शाम करीब 4 बजे वह अपने भाई मर्दन सिंह, नन्दराम, दीपक पुत्र अरविन्द को भारत सिंह पुत्र हरचरन बुवाई करके गांव वापस आ रहा था, तभी बड़े राजा के मकान के सामने प्रकाश, भारत व इनके परिवार को तेज सिंह पुत्र हरचरन, पंकज पुत्र प्रकाश, जयपाल पुत्र रामानन्द, कपिल पुत्र दयाराम मिले और जबरन खेत में जुताई व बुवाई की बात कराते हुये गालियां देने लगे। शोरगुल सुनकर उसकी पत्नी कुंवरबाई बीच-बचाव करने पहुंची तो जयपाल का भाई संदेश भी आ गया और मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीडित की तहरीर पर पुलिस उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 351 (3), 352, 115 (2) व 191 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### पुत्र के गुमशुदा होने की सूचना दर्ज

खुशबू गार्डन के पास नेहरू नगर निवासी नाजिर अली पुत्र साबिर अली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसका तेरह वर्षीय पुत्र बीते 13 अक्टूबर को सुबह 09 बजे घर से कहीं चला गया है। बताया कि उसने काफी खोजबीन की और मोहल्ले, रिश्तेदारी में भी जानकारी की। लेकिन पता नहीं चला। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गुमशुदगी की सूचना बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत दर्ज कर ली है।

### खाद्यान्न लेने गये युवक पर हमला

निकटवर्ती ग्राम बिरारी में रहने वाले जगदीश पुत्र हरनाम ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 13 अक्टूबर को शाम करीब साढ़े पांच बजे वह राशन की दुकान पर खाद्यान्न लेने के लिए गया हुआ था, तभी गांव के रामसेवक व मनोज पुत्रगण गुलाब आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। शोरगुल होने पर रामकिशोर पुत्र कनई कुशवाहा, दुर्गा पुत्र पुट्टन कुशवाहा ने आकर बीच-बचाव किया। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने यह भी बताया कि 14 अक्टूबर को अपराह्न डेढ़ बजे उक्त लोगों ने फिर से हमला कर दिया, जिससे और जान से मारने की धमकी देते हुये चले गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

## पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया

# दबंग ने दुकान पर बैठी मां से की मारपीट स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट में भर्ती कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम खैराडांग में रहने वाले मनोज कुमार पुत्र नाथूराम साहू ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी मां अपनी निजी दुकान पर बैठी थी। तभी शाम करीब पौने सात बजे गांव के इन्द्रपाल सिंह उर्फ भूरे राजा पुत्र प्यारेराजा ठाकुर आये और बिना बात किये ही माता-पिता को गालियां देने लगा। मां ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गयी। वहां लोगों ने उसकी मां को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया, जहां से उसे झांसी रेफर कर दिया गया। आरोप है कि जब वह थाने में शिकायत दर्ज कराने जा रहा था तो उक्त लोगों ने धमकाते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर इन्द्रपाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### हिट एंड रन को लेकर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** ग्राम खिरिया छतारा में रहने वाले मर्दन पुत्र हल्के साहू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 10 अक्टूबर की सुबह करीब पौने आठ बजे उसका दामाद गंगाराम पुत्र बिहारीलाल व राजेश पुत्र कंछेदी कुशवाहा अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.जे. 2064 से अपने बिरधा स्थित घर से खेत देखने जा रहे थे। तभी सागर की ओर से आ रही छाबड़ा बस संख्या यू.पी.93 बी.टी. 1737 के चालक ने तेजी व लापरवाही से बस चलाते हुये पीछे से टक्कर मारते हुये रौंदता चला गया। छाबड़ा बस की टक्कर से उसका दामाद गंगाराम व साथ में सवार राजेश की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना को अंजाम देकर भाग रही बस को लोगों ने पीछा करके पकड़ा तो ड्राईवर बस खड़ी करके खेतों की ओर भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बस चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### नशे की लत लगाकर मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम चिगलौआ बुरौगांव में रहने वाले अंकित पुत्र स्व.राजू रजक ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसे करीब 2 वर्ष पहले जयप्रकाश पुत्र किशोरीलाल ने दारू गांजा के नशे में बिगाड़ कर उसके साथ मारपीट कर मेंटल डिस्टर्व कर दिया था। उसके इलाज में काफी रुपये खर्च हो गये हैं। बताया कि 12 अक्टूबर को जयप्रकाश ने उसे व उसके भाई कमल रजक को गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे उसका हाथ टूट गया है। मामले की शिकायत उसने डायल 112 पर दी और कार्यवाही नहीं होने पर अब वह परेशान है। आरोप है कि जयप्रकाश उसे आये दिन जान से मारने की धमकी देता है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जयप्रकाश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।


---

## उपाध्यक्ष व पार्षदों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, वार्ड क्रमांक 15 का मामला

# नपाध्यक्ष पर आरोप- शासकीय जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭जतारा





नगर परिषद जतारा के अध्यक्ष पर शासकीय भूमि पर अबैध कब्जा कर निर्माण कराये जाने का आरोप लगा है। यह आरोप किसी और ने नहीं बल्कि नगर पंचायत के ही उपाध्यक्ष और पार्षदो ने लगाते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौपकर कार्यवाही की मांग भी की है। नगर के वार्ड क्रमांक 15 में स्थित बस स्टैंड के पास नगर परिषद अध्यक्ष अनुराग नायक द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किए जाने की शिकायत उपाध्यक्ष समेत पार्षदों ने जतारा एसडीएम से की है। एसडीएम को दिए गये शिकायती आवेदन पत्र में बताया गया है कि नपाध्यक्ष अनुराग नायक के चाचा संजय नायक के द्वारा 9 मई 1985 में लक्ष्मी नारायण शर्मा से भूमि क्रय की गई थी। उक्त भूमि नगर पंचायत के स्वामित्व रजिस्टर्ड में दर्ज है एवं जितनी भूमि रजिस्ट्री में लेख है उतनी भूमि पर पूर्व से निर्माण कार्य है। शिकायतकर्ता के द्वारा प्लांट का नक्शा संलग्न किया गया है। जिसमें उत्तर दिशा की ओर विक्रेता का खंडहर एवं पश्चिम दिशा में नगर पंचायत की रोड़ एवं दक्षिण दिशा में नगर पंचायत की दुकान और पूर्व दिशा में सरकारी भूमि स्थित है। वर्तमान में संजय नायक का भतीजा अनुराग सुनील नायक ही नगर पंचायत अध्यक्ष है। जिनके द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं लेखपाल लखन गुप्ता की सहायता से मिलीभगत करते हुए किया जा रहा है। जबकि निर्माण स्थल पर पूर्व दिशा में सरकारी भूमि नगर पंचायत की थी, वर्ष 2017 में यह भूमि गृह मंत्रालय की भूमि की नगर पंचायत की भूमि में नामांतरण किया गया था। यह भूमि शॉपिंग कंपलेक्स हेतु नगर परिषद द्वारा अधिग्रहित की गई थी एवं कुछ हिस्सा पुलिस विभाग की चौकी बनाने हेतु शेष रोकी गई थी। बताया गया है कि उक्त भूमि के अधिकतम भाग पर शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण कार्य किया गया है एवं शेष भूमि पर सीसी निर्माण कार्य पार्किंग हेतु होना था। लेकिन वर्तमान समय में अनुराग नायक के द्वारा अवैध कब्जा करते हुए निर्माण कार्य किया जा रहा है।

### ट्यूब टायर की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सागर पुलिया क्षेत्र में मंगलवार को एक टायर-ट्यूब की दुकान में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई।

इस घटना में दुकान में रखा लाखों रुपए का नया माल जलकर खाक हो गया। आग लगने का प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सागर पुलिया पर स्थित दयाराम की टायर-ट्यूब की दुकान से धुआं उठता देखा गया। ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैली और देखते ही देखते पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड और दुकानदार को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जल चुका था। दुकान संचालक दयाराम ने बताया कि आग लगने से ठीक एक दिन पहले ही दुकान में नया माल आया था। दयाराम के अनुसार आगजनी में करीब चार लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। उन्होंने यह भी बताया कि दो साल पहले भी उनकी दुकान में चोरी हुई थी।

---

### गरीबों की मदद करके मनाएं सभी लोग दीवाली: अतुल खटीक

**पलेरा।** दिवाली को लेकर लोग तैयारी में जुट गए हैं। बाजार में भी इसकी रौनक देखते ही बन रही है। लेकिन कई ऐसे भी घर है जहां आर्थिक स्थिति दयनीय होने की बजह से दिवाली की उमंग व रोशनी नहीं पहुंच पाती। इन घरों में खुशियां पहुचाने के उद्देश्य से जनपद



अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक ने ऐसे लोगो की मदद करते हुए समाजसेवियों से सार्थक दिवाली मनाने की अपील की है। भाजपा नेता अतुल खटीक ने कहा कि वे इस दिवाली कम से कम एक जरूरतमंद परिवार के घर दिवाली की जरूरत का समान पहुंचाकर त्योहार मनाएंगे। उन्होंने बताया कि कई ऐसे लोग है जिनका रोजगार किसी कारणवश छिन गया है। या आर्थिक हालात खुशियों के आड़े आ रही हैं। उन्होंने अपने इष्ट मित्रों एवं समाजसेवियों से आग्रह किया है कि इस दिवाली पर सभी लोग संकल्प के साथ कम से कम एक ऐसे परिवार की मदद कर उसके घर में प्रकाश फैलाएं। भाजपा नेता अतुल खटीक ने कहा कि दिवाली जगमगाते दीपों के साथ मनाने की परंपरा रही है। दीपावली का मतलब ही खुशियां बांटना हैं। हमें हर हाल में लोगों की मदद की आदत डालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मदद के प्रकाश से अपने आसपास सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार कर सकते है। इससे हम दूसरें के घर भी खुशियां पहुंचाते है।


## विधायक की उपस्थिति में हुई नगर परिषद की साधारण सभा की बैठक

# 26 में से 25 बिन्दुओं की कार्ययोजना पर बनी आमसहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭पलेरा

नगर परिषद की साधारण सभा की बैठक बीते गुरुवार को नगर परिषद सभागार में आयोजित की गई। खरगापुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक चंदा सुरेंद्र सिंह गौर की उपस्थिति में एजेंडा अनुसार 26 बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में शामिल किये गये कुल 26 बिंदुओं में तमाम चर्चा के दौरान 25 बिंदुओं पर आम सहमति बनी। जिसमे नगर के विकास संबंधी कार्ययोजनाओं पर चर्चाकर आमसहमति से निर्णय लिया गया। इस दौरान एक पार्षद प्रतिनिधि ने सीएमओ पर प्रतिनिधियों की उपस्थिति को लेकर भेदभाव का भी आरोप लगाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न स्थानों पर सीसी सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति पर विचार, नगर परिषद कार्यालय के पास शॉपिंग कांप्लेक्स निर्माण कार्य की दर स्वीकृति पर विचार, हनुमान टोरिया मंदिर पर स्थित सामुदायिक भवन मार्ग की सीढ़ियां निर्माण कार्य एवं दर स्वीकृति पर विचार, नगर की विभिन्न वार्डों में नाली निर्माण कार्य की दर स्वीकृति पर विचार, वार्ड क्रमांक 13 में शीतला माता मंदिर की बाउंड्री वॉल की दर स्वीकृति पर विचार, वार्ड क्रमांक 3 में स्थित गजाधर तालाब के पास सौंदर्यीकरण एवं मजबूती कारण की डीपीआर पर विचार, ट्रेड



लाइसेंस की दरें निर्धारित करने पर विचार, दुकान नामांतरण करने पर विचार, वन नेशन वन इलेक्शन कराए जाने पर विचार, विभिन्न वार्डों में पेवर्स लगाए जाने पर विचार समेत अन्य कुल 26 बिंदुओं को शामिल किया गया। जिसमें तमाम चर्चा के दौरान 25 बिंदुओं पर आम सहमति बनी। बैठक में प्रमुख रूप से विधायक चंदा सुरेंद्र सिंह गौर, नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा, उपाध्यक्ष संदीप तिवारी उर्फ रानू, सीएमओ शिवि उपाध्याय समेत समस्त नगर परिषद के वार्ड पार्षद एवं नगर परिषद कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सीएमओ पर लगाया आरोप:** वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव ने सीएमओ शिवि उपाध्याय पर आरोप लगाते हुए बताया कि बैठक के पूर्व सुबह पार्षद प्रतिनिधि की उपस्थिति को लेकर उनकी सीएमओ शिवि उपाध्याय से चर्चा हुई थी। जिसमें सीएमओ उपाध्याय के द्वारा प्रतिनिधि की उपस्थिति पर आपत्ति जताई गई थी। लेकिन गुरुवार को आयोजित हुई बैठक में विधायक एवं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की मौजूदगी में सीएमओ उपाध्याय के समक्ष महिलाओं की जगह पार्षद प्रतिनिधियों को बैठक में शामिल किया। मुकेश यादव ने कहा कि वह इस मामले में शिकायत जिला कलेक्टर से करेंगे।

## जब्त हार्वेस्टर को छुड़ाने किसानों ने दिया धरना, विधायक एसडीएम के बीच हुई बहस

# रसूखदारों के कहने पर प्रशासन किसानों को कर रहा है परेशानः विधायक जंडेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर


श्योपुर का जिला प्रशासन भाजपा नेताओं के इशारे पर न सिर्फ विपक्ष को बल्कि किसानों को भी परेशान कर रहा है। हर काम का श्रेय भाजपा नेताओं को मिले इसके लिए पहले प्रशासन नियम विरुद्ध काम करता है और फिर उसके बाद ऐसी वाले कमरों में भाजपा नेताओं को बैठाकर गलती को सुधारने का निर्णय लेता है। भाजपा नेताओं के इशारे पर किसानों को परेशान करने के षड्यंत्र को किसान समझ चुके हैं अब वह न तो प्रशासन के झांसे में आने वाले न हीं भाजपा नेताओं के। इसलिए जब तक हार्वेस्टर को बिना शर्त छोड़ा नहीं जाएगा तब तक किसान यही धरना देकर बैठे रहेंगे। इसके लिए अगर प्रशासन मुझे गोली मारना चाहे तो मार दे मेरे किसानों को मरवा दे में जीते जी बिना हार्वेस्टर लिए यहां से नहीं हटूंगा। यह बात विधायक बाबू जंडेल ने एसडीएम गगन मीणा से गुरूवार को बडौदा थाने के सामने दिए जा रहे धरना पर उस समय कही जब एसडीएम धरना समाप्त करने के लिए किसानों को समझाने पहुंचे थे। इस दौरान विधायक जंडेल ओर एसडीएम मीणा के बीच खूब बहस भी हुई।

दरअसल बुधवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बड़ौदा मार्ग पर बिना एसएमएस (स्ट्र मैनेजमेंट सिस्टम) लगे हार्वेस्टर को देख, उसके विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश देते हुए उसे बड़ौदा थाना परिसर में खड़ा करवा दिया था। इससे नाराज किसानों और कांग्रेस नेताओं ने गुरुवार को बडौदा थाना पहुंचकर सुबह 8:00 बजे ही हार्वेस्टर को छोड़ने की मांग थाना प्रभारी से की लेकिन थाना प्रभारी द्वारा हार्वेस्टर नहीं छोड़े जाने पर नेता किसान वही धरना देकर बैठ गए। बाद में मौके पर पहुंचे एसडीएम गगन मीणा और एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता दलबल के साथ वहां पहुंचे जहां एसडीएम ने किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान बताएं और जनहित में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की लेकिन किसान उनकी बात सुनने को तैयार नहीं थे इस दौरान विधायक बाबू जंडेल अचानक तैश में आ गए और उन्होंने प्रशासन पर भेदभाव बरतने और किसानों के साथ सौतेला व्यवहार करने के आरोप लगाए जिन्हें एसडीएम ने भी जोरदारी से नकारते हुए प्रशासन का पक्ष किसानों के सामने रखा। हालांकि प्रशासन इस बात को राजी हो गया था कि किसान धरना समाप्त कर दें तो वह हार्वेस्टर मालिक से बात कर उसे सशर्त छोड़ देंगा लेकिन किसान और कांग्रेस नेता बिना शर्त हार्वेस्टर को छोड़े जाने तक धरना समाप्त करने को राजी नहीं हुए बाद में प्रशासन लौट आया और किसानों ने टेंट मंगाकर धरने को स्थाई रूप देने का काम कर दिया। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, कांग्रेस नेता रितेश सिंह तोमर, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जसवंत सिंह मीणा, किसान नेता राधेश्याम मूंडला सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



### श्रेय लेने के चक्कर में काफी देर न धरना हटा और न छूटा हार्वेस्टर

भाजपा नेताओं ने कलेक्टर से मुलाकात करने का फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर डालें जिसे उनके कार्यकर्ताओं ने यह लिखकर वायरल किया कि हार्वेस्टर को जल्द ही छोड़ दिया जाएगा ऐसी ही पोस्ट को पढ़ने के बाद थाने पर हार्वेस्टर छुड़ाने के लिए धरना दे रहे हैं कांग्रेस नेताओं ने भी अड़ियल रुख अपना लिया उन्होंने प्रशासन की इस बात को सिरे से नकार दिया कि हार्वेस्टर छोड़े जाने से पहले वह धरना खत्म कर दे। कांग्रेस नेताओ का कहना था कि प्रशासन भाजपा नेताओं को उस काम का श्रेय दिलाना चाहता है जिसके लिए वह खुद जिम्मेदार हैं। जिसके चलते न तो धरना हटा ओर न हार्वेस्टर छोड़ा गया। बताया जा रहा है कि देर हार्वेस्टर के छूट गई और किसानों का धरना भी हट गया।



### भाजपा नेताओं ने की कलेक्टर से मुलाकात


हार्वेस्टर को जब्त करने के मामले में भाजपा नेताओं ने भी कलेक्टर अर्पित वर्मा से चर्चा की भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर से चर्चा करते हुए कहा कि हार्वेस्टर को जप्त करने और थाने पर खड़ा कर देने से मैसेज गलत जाएगा अभी धान की फसल खेतों में खड़ी है जिसे काटा जाना जरूरी है। हार्वेस्टर पंजाब से आते हैं इस तरह के मैसेज वहां पहुंचेंगे तो वहां के हार्वेस्टर मलिक यहां हार्वेस्टर नहीं भेजेंगे जिससे किसानों का परेशानी आ सकती है किसानों को पराली जलाने से सख्ती से रोकने के बजाए उन्हें समझाइश दी जाए। इस दौरान पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय, पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर सिंह सिसोदिया, सुरेंद्र जाट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट आदि भाजपा नेता मौजूद रहे

## 18 को मनेगी धनतेरस, शुरू होगी दीपोत्सव की धूम

# धनतेरस पर बन रहा दुर्लभ संयोग, धन-आरोग्य और सौभाग्य की होगी प्राप्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाने वाला धनतेरस का पर्व 18 अक्टूबर को मनाया जाएगा और इसके साथही दीपोत्सव की शुरूआत हो जाएगी। खास बात यह है कि इस बार धनतेरस पर ब्रह्म योग और बुधादित्य योग जैसा दुर्लभ संयोग बन रहा है और यह संयोग भक्तों के लिए धन, आरोग्य और अध्यात्म तीनों का संगम लेकर आएगा। पंडितों के मुताबिक भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और धन के देवता कुबेर की पूजा से घर में सुख-समृद्धि और आरोग्य का वास होता है। कई क्षेत्रों में इस दिन यमराज की आराधना का भी प्रचलन है, जिससे अकाल मृत्यु का भय दूर होता है। यह दिन दीपावली महापर्व की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। लोग इस शुभ अवसर पर सोना, चांदी, बर्तन, वाहन और नई वस्तुएं खरीदते हैं। मान्यता है कि धनतेरस पर क्रय की गई वस्तुएं घर में सकारात्मक ऊर्जा, धन और सौभाग्य लाती हैं। इसीलिए इस दिन मार्केट से कुछ न कुछ जरूर खरीदारी की जाती है।



### दोहरे पर्व का दुर्लभ संयोग

हिंदू पंचांग के अनुसार, इस वर्ष कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी तिथि 18 अक्टूबर शनिवार को दोपहर 1:20 बजे से प्रारंभ होगी और 19 अक्टूबर रविवार को दोपहर 1:54 बजे तक रहेगी। इस अवधि में किसी भी समय पूजा और खरीदारी करना शुभ फल देने वाला रहेगा। खास बात यह है कि धनतेरस के अगले दिन यानि 19 अक्टूबर को नरक चतुर्दशी भी मनाई जाएगी। यह दुर्लभ संयोग भक्तों के लिए धन, आरोग्य और अध्यात्म तीनों का संगम लेकर आएगा।

## वीर सावरकर स्टेडियम पर ही लगेगी दीपावली के लिए पटाखा बिक्री की दुकानें

# डेढ़ सैकड़ा ने किए लाइसेंस लेने आवेदन नपा प्रशासन ने उपलब्ध कराए प्लॉट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी दीपावली पर आतिशबाजी की दुकान सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए शहर से बाहर वीर सावरकर स्टेडियम पर ही लगाई जाएगी। इसके लिए निर्धारित तिथि तक डेढ़ सैकड़ा से भी अधिक लोगों ने अस्थाई लाइसेंस हासिल करने के लिए आवेदन दिए थे, जिनको एसडीएम गगन मीणा ने पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर प्लाट आवंटित कर नपा को सूची भेज दी है। नगर पालिका ने दुकान लगाने के लिए प्लाट आवंटित करना शुरू कर दिए हैं।

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर एसडीएम गगन मीणा ने मानक शर्तें पूरी करने वाले पटाखा व्यवसायियों को दीपावली पर पटाखे की दुकान लगाने के लिए अस्थाई लाइसेंस आवंटित कर दिए हैं। जिन दुकानदारों को लाइसेंस आवंटित किए गए हैं वह सिर्फ वीर सावरकर स्टेडियम पर ही दुकान लगाएंगे बाजारों में दुकान लगाकर पटाखा बेचने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिन फटाखा व्यवसायियों को दुकान लगाने के लिए प्लाट आवंटित किए जा रहे हैं उनसे सुरक्षा मानक पूरे करने के बॉन्ड भरवाए गए हैं। साथ ही मौके पर सुरक्षा उपकरण की अनिवार्यता भी रखी गई है। हर दुकान के बीच 5 फीट का गैप रखा गया है ताकि नुकसान अधिक न हो। फिलहाल दुकान के लिए प्लांट काटे जा रहे हैं एक-दो दिन में दुकान सजकर तैयार हो जाएंगी।

### फटाखा दुकानों के लिए सुरक्षा निर्देश

-पटाखे की दुकान पर सुरक्षा की दृष्टि से पानी का ड्रम, बालू व अग्निशमन यंत्र जरूर रखा जाए।

-दुकान आबादी से बाहर खुले क्षेत्र सिर्फ स्टेडियम पर ही लगेगी बस्ती में पटाखा बेचने पर मिलेगा दंड

-एक से दूसरे दुकान के बीच में तीन मीटर की दूरी हो, ताकि अनहोनी होने पर नुकसान कम किया जा सके।

-कोई भी दुकानदार अपने दुकान पर कागज व अन्य किसी ज्वलनशील सामानों को नहीं रखेगा।

# पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर पीटा, मां बेटे घायल, चार पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।



बडौदा थाने के गांव पनवाड में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान नामजद आरोपियों ने एक घर में घुसकर एक महिला और उसके बेटे की मारपीट की दी। जिससे मां बेटे घायल हो गए। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम पनवाड निवासी हंसराज गुर्जर ने इस विवाद की रिपोर्ट बडौदा थाने में दर्ज कराई कि पुराने विवाद को लेकर बीती शाम को रामचरत गुर्जर, गिर्राज मीणा,राहुल मीणा, दिलखुश गुर्जर एक राय होकर मेरे घर में घुस आए और गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान मेरी पत्नी दिलबर बाई तथा पुत्र विशाल गुर्जर घायल हो गए। जिसे इलाज के लिए बडौदा अस्पताल में दाखिल कराया गया। इस मामले में पुलिस ने चारो आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। उधर अलापुरा गांव में भी हिस्से बंटवारे की बात को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद में छोटू बैरवा और उसका भाई अशोक बैरवा जख्मी हो गया। पुलिस ने छोटू बैरवा की रिपोर्ट पर महेन्द्र बैरवा,जितेन्द्र बैरवा के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

# स्कूलों में समारोह पूर्वक हुआ वैश्विक हाथ धुलाई दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

15 अक्टूबर को वैश्विक हाथ धुलाई दिवस सभी शासकीय अशासकीय स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को शौच के बाद और खाने से पहले हाथ क्यों धोना जरूरी है की जानकारी शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने दी।

शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि हाथ धोकर खाना खाएं इससे हमें कीटाणुओं से बचाव में मदद मिलती है। इसके अलावा, साबुन और पानी से हाथ धोना हमेशा हाथ धोने के बाद खाना खाने से हम विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बच सकते हैं। हाथ को धोने के तरीके भी बताए गए जिनमें उंगलियों के बीच ओर रेखाओं में छुपे महीन कीटाणु धुलकर बाहर निकल जाएं।

# विजयपुर में कृषि विभाग की टीमों ने किया खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में गुरूवार को कृषि विभाग की टीम ने विजयपुर में 05 खाद-बीज की दुकानों का निरीक्षण किया। इनमें मैसर्स राजाराम खाद भंडार विजयपुर, रामभजन चिरोजी लाल विजयपुर, कम्बोज कृषि सेवा केन्द्र विजयपुर, किसान बीज भंडार विजयपुर, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाज मर्यादित विजयपुर शामिल हैं। बताया गया है कि इन दुकानों से बीज के 4 एवं उर्वरक के 2 नमूनें लिये गये। जिन्हे विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। विक्रेता फर्म राजाराम खाद भंडार विजयपुर पर भाव सूची एवं स्टॉक का प्रदर्शन नही पाये जाने तथा कम्बोज कृषि सेवा केन्द्र विजयपुर पर बीज लाईसेंस में पी.सी. दर्ज नही होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड विजयपुर विष्णु राठौर, भूपेन्द्र धाकड एवं कृषि विस्तार अधिकारी धर्मा सेमले उपस्थित रहे।

### कलमी में बनेगा सामुदायिक भवन, सांसद ने दिए सात लाख रूपए

**श्योपुर।** श्योपुर शिवपुरी मार्ग स्थित ग्राम कलमी में बने रामदेवजी मंदिर के पास अब सामुदायिक सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने अपनी निधी से 7 लाख रूपए की राशि प्रदान कर दी है। सांसद तोमर की अनुशंसा पर कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। बताया गया है कि इस सामुदायिक भवन निर्माण के लिए जनपद पंचायत कराहल को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है।

## शॉटसर्किट से अचानक भड़की आग, नपा की दो दमकल गाड़ियों ने बुझाई आग

# ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में भड़की आग, कर्मचारियों ने फैक्ट्री छत पर चढकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

शहर के पाली रोड पर जाटखेडा के नजदीक स्थित एक बिजली ट्रांसफार्मर की फैक्ट्री में गुरूवार को उस समय अचानक आग भडक उठी,जब फैक्ट्री के अंदर कर्मचारी ट्रांसफार्मर बनाने का काम कर रहे थे। बिजली के शार्टसर्किट से लगी आग इतनी तेजी से भडकी कि फैक्ट्री के अंदर काम कर रहे कर्मचारियों को बाहर निकलने ही मौका नहीं मिला और फैक्ट्री के अंदर आग की लपटे उठना शुरू हो गई। ऐसे में अंदर फंसे कर्मचारियों ने फैक्ट्री की छत पर चढकर अपनी जान बचाई और फिर नपा की दमकल गाडियों को आग बुझाने के लिए बुलाया गया। तब कहीं जाकर आग पर काबू पाया जा सका। इस आगजनी के दौरान लाखो के अनुसान का अनुमान बताया जा रहा है। इस मामले की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार टीएस लकडा हल्का पटवारी के साथ मौके पर पहुंचे और नुकसान का आंकलन करते हुए पंचनामा तैयार किया गया।

शहर के पाली रोड पर स्थित किंग स्टार ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में गुरूवार को जब फैक्ट्री के कर्मचार रोज की भांति ट्रासफार्मर बनाने का काम कर रहे थे,तभी अचानक गेट पर लगे बिजली के मीटर में शॉर्टसर्किट होकर आग लगना शुरू हो गई। इसके बाद फैक्ट्री के अंदर भी स्पार्किंग होने के बाद आग लग गई। फैक्ट्री के अंदर तेल के ड्रम रखे थे,वहीं बडी संख्या में ट्रांसफार्मर भी तैयार होक रखे थे,जिनमें भी तेल भरा हुआ था, जिसकारण यह आग पलक झपकते ही विकराल हो गई। चारो तरफ आग की लपटे उठती देखकर फैक्ट्री के गेट पर काम कर रहे कर्मचारी तो दौडकर बाहर की तरफ भाग गए,मगर अंदर काम कर रहे कर्मचारी आग की लपटों से घिर गए,ऐसे में उन्होंने फैक्ट्री की छत पर चढकर अपनी जान बचाई। फैक्टी में भडकी आग का नजारा देखकर यहां सडक पर चलते वाहन भी रूक गए। ऐसे में सूचना के बाद मौके पर पहुंची नगर पालिका श्योपुर की दो दमकल गाडियों की मदद से आग को बडी मुश्किल से बुझाया जा सका।



### 15 से 20 लाख के नुकसान का अनुमान

इस आगजनी के दौरान 15 से 20 लाख रूपए का नुकसान का अनुमान जताया जा रहा है। इस आगजनी की सूचना पर तहसीलदार श्योपुर मनीषा मिश्रा के निर्देश पर नायब तहसीलदार टीएस लकडा,जाटखेडा हल्का पटवारी पंकज शर्मा मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने ट्रांसफार्मर फैक्ट्री संचालक सुरेश सिंह से आगजनी के दौरान हुए नुकसान के बारे में जानकारी ली और फिर नुकसान का आंकलन करते हुए पंचनामा बनाया। पटवारी पंकज शर्मा ने बताया कि इस आगजनी में 22 ट्रांसफार्मर, 1 ओवन मशीन, 1 बेल्डिंग मशीन आदि सामान जल गए है।

### इधर गोबर गांव में आग से जल गए आशियाने



विजयपुर विकासखंड के गांव गोबर में शिवचरण कुशवाह एवं उनके भाइयों की झोपडियो में अचानक आग लग गई। जिससे उनकी झोपडी और उसमें रखा सारा घर गृहस्थी का सामान जलकर स्वाहा हो गया है।इस नुकसान का जायजा लेने के लिए गुरूवार को कांग्रेस नेता महेश कुशवाह, कुशवाह महासभा अध्यक्ष रामजी लाल कुशवाहा एवं रामनिवास कुशवाह मौके पर पहुंचे और नुकसान के बारे में पीडित परिवारों से चर्चा की। इस दौरान कांग्रेस नेता महेश कुशवाह ने आरोप लगाते हुए बताया कि पटवारी ने रिपोर्ट बनाकर देने के बाद भी प्रशासन मुआवजा दिलवाए जाने की दिशा में गंभीरता नहीं दिखा रहा है। प्रशासन की यह उदासीनता बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वह इस संबंध में एसडीएम विजयपुर से मिलकर पीड़ितों को तत्काल मुआवजा राशि प्रदान कराने की मांग करेंगे। अन्यथा की स्थिति में वह कुशवाह समाज ओर सर्व समाज को लेकर आंदोलन भी कर सकते हैं।

# गोरस में पशु चिकित्सा व निष्प्रजनन निवारण शिविर, 75 पशुपालकों का किया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कराहल विकासखण्ड के ग्राम गोरस में पशुपालन विभाग द्वारा निशुल्क पशु चिकित्सा एवं निष्प्रजनन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान 432 पशुओं का उपचार सेवाएं प्रदान की गई। शिविर के दौरान पशुओं में निष्प्रजनन के मुख्य कारणों एवं शारीरिक समस्याओं की जानकारी दी गई। उप संचालक डॉ. त्यागी ने बताया कि बांझपन की रोकथाम के लिए संतुलित आहार, खनिज पाउडर का सेवन, कृमिनाशक दवाओं का नियमित उपयोग एवं समय पर कृत्रिम गर्भाधान आवश्यक है। शिविर में पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री डेयरी प्लस, कामधेनु योजना तथा पशुधन संजीवनी 1962 जैसी विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में कुल 75 पशुपालकों ने पंजीयन कराया, जिनमें 35 पशुओं का बांझ उपचार, 172 को दवा वितरण एवं 225 का टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. जी.एस. गहलौत, डॉ. छत्रपाल सिंह नरवरिया, डॉ. महेश सिसोदिया, डॉ. आर.एन. शाक्य, डॉ. नरेंद्र मधूरिया, डॉ. अखिलेश पिप्पल, डॉ. शिव जालौन, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी सुनील कुमार सहित ग्राम पंचायत गोरस के सरपंच एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### आयुष विभाग ने लगाए स्वास्थ्य शिविर, 118 लोग हुए लाभान्वित




**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा कराहल में शासकीय आदिवासी बालक आश्रम, श्यामपुर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर एवं बगवाज में महारानी लक्ष्मीबाई माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किये गये। जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इन शिविरों के माध्यम से एनीमिया, दंत रोग, कृमि एवं मौसमी बीमारियों के संबंध में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं होम्योपैथिक दवाई वितरित की गई, इन शिविरो में कुल 118 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा वितरित की गई। इस दौरान डॉ बृजलता मांझी, सीएमएमओ हेमचंद आर्य एवं कंपाउंडर राम लखन नागर एवं योग सहायक योगेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## रानी कमलापति से 17 व 18 को निजामुद्दीन के लिए पूजा स्पेशल ट्रेन बीना होगा स्टॉपेज

बीना। दीपावली पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए रानी कमलापति-हज़रत निजामुद्दीन-रानी कमलापति के मध्य दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन रानी कमलापति से प्रस्थान कर विदिशा, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट, मथुरा स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। यह पूजा स्पेशल ट्रेन रानी कमलापति-हज़रत निजामुद्दीन के बीच दोनों दिशाओं में 17 अक्टूबर एवं 18 अक्टूबर को संचालित होगी। इस स्पेशल ट्रेन में विभिन्न श्रेणी के कुल 22 कोच होंगें। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया ट्रेन नंबर 01661 रानी कमलापति स्टेशन से सुबह 7.30 बजे प्रस्थान कर मध्यवर्ती स्टेशन विदिशा, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट, मथुरा ठहराव कर रात 8.15 बजे हज़रत निजामुद्दीन स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 01662 हज़रत निजामुद्दीन स्टेशन से रात 9.25 बजे प्रस्थान कर मथुरा, आगरा कैंट, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बीना, विदिशा ठहराव कर अगले दिन सुबह 10.50 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी।


### गर्ल्स कॉलेज में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार आयोजित

# 'वसुधैव कुटुंबकम की भावना पर आधारित है भारतीय ज्ञान परंपरा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज में गुरुवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार विषय भारतीय ज्ञान परंपरा साहित्य, विज्ञान और समाज प्रायोजक उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के तत्वाधान में किया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए वेदिका पाठक द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। वेबीनार के प्रारंभ में कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर ने कहा कि यह भारत की ज्ञान परंपरा वेद, उपनिषद, आयुर्वेद, भाषा, लिपि, कला, संगीत आदि भारत की विरासत को सुरक्षित एवं हस्तांतरित करने की बात कही। डॉ विनोद मिश्रा कुलगुरु रानी अवंती बाई लोधी विश्वविद्यालय ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा वसुधैव कुटुंबकम की भावना पर आधारित है और यही भारतीय ज्ञान परंपरा का मूल मंत्र है।

डॉ नीरज दुबे अतिरिक्त संचालक सागर कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा एक ऐसा विषय जो हमारे भारत की विश्व पटल पर एक अलग पहचान बनाएगा। डॉ रामकुमार गोस्वामी ओएसडी ने कहा कि हमारी परंपराओं को हस्तांतरित करने के लिए एवं युवा वर्ग को जोड़ने के लिए इस प्रकार के वेबीनार आवश्यक है। कॉलेज जन भागीदारी अध्यक्ष सोनाली राय ने कहा कि कॉलेज द्वारा




आयोजित वेबीनार विद्यार्थियों के लिए एक नई दिशा है। जो हमारी परंपराओं, प्रथाओं, मूल्य एवं आदर्शों को सिखाती है।

विषय प्रवर्तक के रूप में आमंत्रित डॉक्टर जेपी सिंह भगवत शाह महाविद्यालय ग्वालियर ने कहा कि आज की आवश्यकता है सकारात्मक आत्म चिंतन, सामाजिक चिंतन, नैतिक मूल्यों पर विचार करने की जो हमारे वेद, पुराण, उपनिषद में निहित है। हमें अपनी भारतीय ज्ञान परंपराओं से जुड़े रहना चाहिए। मुख्य वक्ता डॉक्टर अंबिकेश कुमार त्रिपाठी केंद्रीय विश्वविद्यालय बिहार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा ज्ञान का स्रोत है जो कि हमारे धर्म ग्रंथो से मिलता है। जब हम अपने धर्म ग्रंथो का अध्ययन करते हैं तो हमारे चिंतन करने की क्षमता वसुधैव कुटुंबकम की भावना पूरी पृथ्वी एक है का भाव उत्पन्न करता है।

वक्ता डॉक्टर ज्योति सिंह, पंजाब ने भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने के लिए धर्म सत्य कर्म सकारात्मक विचार ईश्वर पर विश्वास को आत्मसात करने की बात कही। डॉ उमा लवानिया ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित, हस्तांतरित ,संरक्षित करने के लिए युवा पीढ़ी के विचारों पर विचार करना होगा। युवाओं को आगे लाना होगा। डॉ रश्मि जैन ने आधुनिक काल के कवियों की कविताओं, समसामयिक चिंतन के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉक्टर रश्मि द्विवेदी ने कहा कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा करवाए जा रहे इस प्रकार के राष्ट्रीय वेबीनार युवाओं को एक नई दिशा प्रदान करेंगे एवं भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़कर भारत को विश्व गुरु बनाएंगे। वेबीनार के समन्वयक डॉक्टर हरिशंकर सेन ने आभार व्यक्त किया।

### मुखबिर की सूचना पर करैरा पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

# 80 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में जिले में अवैध शराब, जुआ-सट्टा, मादक पदार्थ, अवैध हथियार और खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे जीरो टॉलरेंस अभियान के तहत करैरा पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 80 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब जब्त की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सिद्ध बाबा मंदिर के पास जुझाई रोड पर दो नीले प्लास्टिक के कैनों में हाथ भट्टी की शराब लिए किसी वाहन का इंतजार कर रहा है।

पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की, जहां एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रवीण लोधी पुत्र द्वारिका प्रसाद लोधी (35 वर्ष), निवासी ग्राम जुझाई, थाना करैरा बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से दो प्लास्टिक की कट्टियों में भरी कुल 80 लीटर कच्ची शराब (कीमत करीब 16,000 रुपये) बरामद की। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 726/25, धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

# पुलिस थाना करैरा ने एक शातिर बदमाश को स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंट में गिरफ्तार किया

**करैरा।** करैरा पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा डॉ आयुष जाखड़ आईपीएस के निर्देशन में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही का विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में थाना करैरा टीआई विनोद सिंह छाबई के नेतृत्व में पुलिस थाना करैरा की टीम ने कस्बा करैरा से आदतन अपराधी अमर सिंह जाटव पुत्र लीलाराम जाटव उम्र 40 वर्ष निवासी ब्लॉक के पीछे करैरा को गिरफ्तार किया जिसके विरुद्ध न्यायालय करैरा द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट अवैध हथियार रखना धारा 25 बी आर्म्स एक्ट एवं गिरफ्तारी वारंट मारपीट, अश्लील गालियां देने, जान से मारने की धमकी देने धारा 115(2), 296, 351(3),इठर जारी किए गए थे।

**आरोपी पर कुल 11 आपराधिक प्रकरण दर्ज। कोर्ट ने वारंटी को करैरा जेल भेजा**

वारंटी बाहर भाग गया था जो दीपावली का त्यौहार मनाने आया तो पुलिस टीम ने उसको दबोच लिया। वांटेड स्थाई गिरफ्तारी वारंटी एवं गिरफ्तारी वारंटी का पकड़ने का अभियान लगातार जारी रहेगा। अमर सिंह जाटव आदतन अपराधी है इसके विरुद्ध थाना करैरा में कुल 11 आपराधिक प्रकरण मारपीट, अवैध शराब बेचने, अवैध हथियार रखने, जुआ खेलने , चोरी व नकबजनी जैसे अपराध हैं। कोर्ट ने वारंटी को भेजा करैरा जेल वारंटी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी करैरा निरीक्षक विनोद सिंह छाबई के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ,प्रधान आरक्षक राजेंद्र यादव, आरक्षक शिवम यादव, मनीष कुमार, राघवेंद्र पाल, नीरज सिंह, रमाशंकर व नीलम परिहार की मुख्य भूमिका रही।

### विधायक के प्रयासों से बीना को मिली सौगात...

# 60 करोड़ 63 लाख की लागत से बनेगी 25 किलोमीटर लंबी सड़क

### विधायक सप्रे ने सीएम एवं लोक निर्माण मंत्री का माना आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

प्रदेश सरकार ने बीना से देहरी, हड़कल जैन होकर उमरिया तक करीब 25 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण को स्वीकृति दे दी है। इस परियोजना पर 60 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत आएगी।

गौरतलब है कि विधायक एडवोकेट निर्मला सप्रे के अथक प्रयासों से क्षेत्र में विकास कार्यों को स्वीकृति मिल रही है। यह सड़क बीना विधानसभा के विकास में मील का पत्थर साबित होगी, साथ ही बल्कि उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाले यात्रियों और व्यापारियों के लिए भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। नई सड़क से बीना से उमरिया तक का मार्ग करीब 40 किलोमीटर छोटा हो जाएगा और यह मार्ग सीधे कंजिया एमडीआर से जुड़ जाएगा।

**बीना विकास की जीवन रेखा है यह सड़क:** विधायक निर्मला सप्रे ने बताया कि यह केवल एक सड़क नहीं है, बल्कि यह हमारे गांवों



को शहरों से जोड़ने वाली विकास की जीवन रेखा है। इस सड़क के माध्यम से बीना विधानसभा के करीब 25 से 30 गांवों को सीधा और परोक्ष रूप से लाभ मिलेगा। यह मार्ग क्षेत्र के व्यापार, शिक्षा, कृषि और आवागमन के लिए एक नई ऊर्जा लेकर आएगा। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क उनके जीवन में बड़ा बदलाव लाएगी। खेतों से मंडी तक पहुंच आसान होगी, बच्चों की शिक्षा के लिए बेहतर रास्ते मिलेंगे और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचना सरल हो जाएगा। मार्ग स्वीकृति पर विधायक सप्रे ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का आभार व्यक्त किया।

# सुरक्षा व सौहार्द्र की मिसाल बने दिनारा, टीआई चौहान ने जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों के संग किया संवाद

### जनसहयोग से ही शांति, सुरक्षा और विकास संभवः रामेन्द्र सिंह चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

दीपावली जैसे पावन पर्व पर पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। इसी बीच नवनियुक्त थाना प्रभारी रामेन्द्र सिंह चौहान ने अपनी सक्रिय और संवादशील कार्यशैली का परिचय देते हुए थाना परिसर में जनप्रतिनिधियों, सर्राफा व्यापारियों, पटाखा विक्रेताओं व गणमान्य नागरिकों के साथ विशेष बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य त्योहार के दौरान क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सामुदायिक सौहार्द बनाए रखना था। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चौहान ने शुरुआत में कहा कि ह्लदीपावली प्रकाश और सद्भाव का पर्व है, इसे हम सभी को मिलजुलकर मनाना चाहिए ताकि हमारे क्षेत्र का हर कोना रोशनी से ही नहीं बल्कि प्रेम और विश्वास से भी जगमगाए।

थाना प्रभारी ने व्यापारियों से आग्रह किया कि भीड़भाड़ वाले बाजारों में सावधानी बरतें, अवैध पटाखों की बिक्री से बचें, तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन का लक्ष्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि समाज में विश्वास और सुरक्षा की भावना जगाना भी है। दिनारा थाना प्रभारी चौहान ने बताया कि दीपावली के अवसर पर बाजार क्षेत्र, सर्राफा बाजार और मुख्य मार्ग पर पुलिस गश्त बढ़ा दिया जाएगा, उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी




संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें आपकी सूचना कई लोगों की सुरक्षा बन सकती है। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने भी कहा कि थाना प्रभारी श्री चौहान की कार्यशैली बेहद संवादपूर्ण, सकारात्मक और जनमुखी है। उन्होंने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उनके प्रयासों की सराहना की और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सर्राफा व्यापारी एवं पटाखा व्यापारियों ने कहा कि इस तरह की पहल से न केवल सुरक्षा बढ़ती है बल्कि पुलिस और समाज के बीच विश्वास का रिश्ता भी मजबूत होता है। दिनारा थाना परिसर में आयोजित यह संवाद कार्यक्रम आपसी सौहार्द और सामुदायिक एकता का सजीव उदाहरण बन गया। दिनारा थाना स्टाफ सहित स्थानीय समाजसेवी, पत्रकार बंधु और नगर के गणमान्य नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के समापन पर चौहान ने कहा कि पुलिस तभी सफल है जब जनता उसके साथ खड़ी हो। हम सब मिलकर दिनारा को ऐसा थाना क्षेत्र बनाएँगे जो सुरक्षा, अनुशासन और जनविश्वास की पहचान बने। थाना प्रभारी रामेन्द्र सिंह चौहान का यह प्रयास केवल एक प्रशासनिक कदम नहीं बल्कि जनसेवा की सच्ची भावना का परिचायक है।

दीपावली से पहले उन्होंने जिस संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ संवाद किया, वह उनके नेतृत्व और मानवीय दृष्टिकोण की मिसाल है। दिनारा में यह दीपावली न केवल दीपों की रोशनी से बल्कि विश्वास, सुरक्षा और सौहार्द के उजाले से भी चमकेगी। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों व व्यापारियों,स्थानीय समाजसेवी, नगर के गणमान्य नागरिक और इस मौके पर दिनारा जनपद सदस्य सरपंच प्रतिनिधि नीटू दुवे, राजेश सोनी बालाजी टेंट हाउस वाले,महेश पपी नेता जी दिनारा, सुमित नीखरा,सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहे है।

## 'सरदार पटेल के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है'

अशोकनगर। लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के विचारों को जन-जन तक पहुंचना है,यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित जिला कार्यशाला के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि 'सरदार 150 यूनिटी मार्च' अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता के सहयोग और समर्पण की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने एक भारत,श्रेष्ठ भारत का सपना देखा था। सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना होगा। सरदार/150 यूनिटी मार्च के प्रभारी रविंद्र लोधी ने कार्यक्रम के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल को कांग्रेस ने दबाकर रखा और आगे नहीं बढ़ने दिया। सरदार पटेल प्रधानमंत्री होते तो चीन-अमेरिका हमसे पीछे होते। उन्होंने मोदी सरकार के जीएसटी रिफॉर्म्स को ऐतिहासिक बताया और कहा कि इसका पूरे देश को लाभ मिल रहा है। जिला महामंत्री नरेश ग्वाल ने संबोधित करते हुए कहा कि लौह पुरुष" सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर उनके विचारों और योगदान को जन-जन तक पहुंचाना है। स्वतंत्रता के पश्चात जब देश अनेक रियासतों में बंटा हुआ था, तब सरदार पटेल ने अद्वितीय नेतृत्व, अदम्य साहस और दूरदर्शिता का परिचय देते हुए भारत को एकजुट करके खंड-खंड भारत नहीं, एक भारत की भावना को साकार किया।

### आज से 21 अक्टूबर तक नो व्हीकल जोन और पार्किंग स्थल तय किए गए, जारी किए दिशा निर्देश

# त्यौहार को लेकर पुलिस विभाग ने यातायात व्यवस्था का बनाया प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर में दीपावली का त्यौहार आते ही बाजारों में भीड़ छा जाती है। बाजार में आने वाले लोग अपने साथ वाहन पर बैठकर आते हैं जिसके कारण शहर के चैराहे और सदर बाजार से निकलना मुश्किल होता है। क्योकि इस त्यौहार पर जो दुकानें लगती हैं वह तो लगती ही है लेकिन दीपावली के त्यौहार पर फुटपाथ पर लगने वाली दुकानें भी यातायात में समस्या का कारण बन जाती हैं। जिससे पूरा शहर अस्त व्यस्त हो जाता है क्योंकि आने जाने के कोई रास्ते नहीं हैं। जिसे देखते हुए पुलिस विभाग ने व्यवस्थित यातायात को लेकर 17 से 21 अक्टूबर तक नो व्हीकल जोन और पार्किंग स्थल तय किए हैं।



### यातायात में एकमात्र विकल्प अंडर ब्रिज से स्टेशन का रास्ता खुले

शहर के एक लाख से अधिक लोग परेशान हो रहे हैं प्रशासन आए दिन कार्यक्रमों को लेकर यातायात की प्लांनिंग करता है लेकिन अशोकनगर के जनप्रतिनिधियों की और प्रशासन की इच्छा शक्ति की कमी के चलते एक काम नहीं हो पा रहा है जो शहर की जनता सारी समस्याओं का हल है। वह कोई और काम नहीं अपितु शहर के लिए अण्डरब्रिज से स्टेशन जाने के लिए जो रास्ता है वहां रेलवे ने लोहे के गाटर लगा रखे हैं यदि इन्हें हटा दिया जाए तो शहर के नागरिक स्टेशन भी आ जा सकेगें। अण्डरब्रिज से पटरियों के दूसरे पार जा सकेगें। विदिशा रोड से गांधी पार्क आने के रास्ते खुल सकेगें और स्टेशन से बिलाला मिल रोड, छैघरा, महावीर कॉलोनी यानी पूरा शहर लाभान्वित हो सकेगा। लेकिन यह नहीं हो पा रहा है जबकि पड़ौसी जिला गुना में मुख्य मार्ग के अलावा भी स्टेशन से कई रास्ते वाहनो के लिए निकले हुए हैं किन्तु अशोकनगर में यह सब नहीं हो पा रहा है।

### यातायात प्रतिबंधित किया गया

1 सराफा, बर्तन, कपडा एवं सदर बाजार में निम्न पांइटस से सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। जाकिर स्टील फर्नीचर गली से तारई स्टील दुकाने के सामने तक,मनोज रेडीमेड के सामने से केशु अखाई के सामने तक, मनोज ज्वैलर्स से घनश्याम ज्वैलर्स तक,लखन चाट के पास वाली गली से डॉ० राकेश जैन तक। उपरोक्त स्थानों से सभी प्रकार के वाहनो का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। सभी वाहन चालक अपने वाहनों को यातायात पुलिस द्वारा निर्धारित किए गए पार्किंग स्थान 02,03,05 एवं 06 में ही अपने वाहनों को पार्क कर पैदल ही बाजार में प्रवेश करेंगें।

### दो पहिया के अतिरिक्त अन्य वाहनों का प्रवेश प्रतिबंध

गांधी पार्क, इन्द्रा पार्क से गांधी पार्क रोड, रेस्ट हाउस से गांधी पार्क रोड, पुराना न्यायालय से गांधी पार्क, एफओबी से गांधी पार्क तक दो पहिया वाहन के अतिरिक्त अन्य सभी प्रकार के वाहन जैसे चार पहिया, तीन पहिया, ट्रेक्टर, लोडिंग आदि वाहनों का निम्न स्थानो से प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। मिलन तिराहा से गांधी पार्क की ओर,एफओबी से गांधी पार्क की ओर,पुराना न्यायालय से गांधी पार्क की ओर,रेस्ट हाउस से गांधी पार्क की ओर,इन्द्रा पार्क से गांधी पार्क की ओर रहेगा। उपरोक्त स्थानों से दो पहिया के अतिरिक्त अन्य सभी प्रकार के वाहन जैसे चार पहिया, तीन पहिया, ट्रेक्टर, लोडिंग आदि का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। सभी वाहन चालक अपने वाहनों को यातायात पुलिस द्वारा निर्धारित किए गए पार्किंग स्थानों में ही अपने वाहनों को पार्क कर पैदल ही बाजार में प्रवेश करेंगें।

### कलेक्टर ने शहर के गांधी चौक पर किया निरीक्षण

दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर आदित्य सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा वुधवार को अशोकनगर शहर के गांधी पार्क का निरीक्षण किया गया। उन्होंने गांधी पार्क स्थित लगी दुकानों की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि दुकानें व्यवस्थित रहे,जिससे किसी भी प्रकार की समस्या न हो। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए, जिससे आवागमन सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि स्थानीय लोगों द्वारा निर्मित सामग्री को बढ़ावा मिले ऐसे प्रयास किए जाए।

### पार्किंग स्थल तय किए

- विदिशा रोड, ईसागढ रोड से आने वाले वाहन चालक आपने वाहनों को मिलन तिराहा पेट्रोल पम्प के पास पार्किंग नम्बर 01 में अपने वाहनों को पार्क कर पैदल बाजार के लिए प्रस्थान करेंगें।
- रेल्वे स्टेशन प्लेट फॉर्म नम्बर 01 से आने वाले वाहन चालक आपने वाहनों को पुराना पोस्ट ऑफिस पार्किंग नम्बर 02 में अपने वाहनों को पार्क कर पैदल बाजार के लिए प्रस्थान करेंगें।
- रेल्वे स्टेशन प्लेट फॉर्म नम्बर 01 से आने वाले वाहन चालक आपने वाहनों को पुराना रेस्ट हाउस परिसर पार्किंग नम्बर 03 में अपने वाहनों को पार्क कर पैदल बाजार के लिए प्रस्थान करेंगें।
- पुराना बाजार से आने वाले वाहन चालक आपने वाहनों को पुराना न्यायालय परिसर पार्किंग नम्बर 04 में अपने वाहनों को पार्क कर पैदल बाजार के लिए प्रस्थान करेंगें।
- इन्द्रा पार्क से आने वाले वाहन चालक आपने वाहनों को रामलीला मंच के पास सुभाषगंज पार्किंग नम्बर 05 में अपने वाहनों को पार्क कर पैदल बाजार के लिए प्रस्थान करेंगें।
- इन्द्रा पार्क से आने वाले वाहन चालक आपने वाहनों को गौशाला रोड वर्धमान स्कूल के सामने खाली जगह पर पार्किंग नम्बर 06 में अपने वाहनों को पार्क कर पैदल बाजार के लिए प्रस्थान करेंगें।